Sixteenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made reference to the 72nd anniversary of the dropping of atomic bombs on the Japanese cities of Hiroshima and Nagasaki on 6th and 9th August, 1945, respectively.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आपको याद होगा कि 72 वर्ष पूर्व 6 अगस्त और 9 अगस्त 1945 को क्रमशः हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराये गये थे, जिसके कारण दोनों शहर तहस-नहस हो गये थे। इस त्रासदी में हजारों लोग मारे भी गए थे तथा लाखों लोग घायल हो गए और कई लोग तो जीवन भर के लिए अपंग हो गए।

72 वर्ष के बाद आज भी हिरोशिमा और नागासाकी के निवासी उन हमलों में हुए परमाणु विकिरण के दुप्रभावों को झेल रहे हैं।

भारत की अहिंसा के सिद्धान्तों के प्रति सदैव अटूट आस्था रही है तथा हमने शान्ति और स्थिरता बनाये रखने के लिए अग्रणी भूमिका निभाई है। भारत सदैव ‘सर्वे भवन्तु सुखिनः’ के लिए प्रयासरत रहा है।

फिर भी आज भी विश्व में परमाणु ऊर्जा के मिसयूज, गैर वापर के लिए सदैव आशंका बनी हुई है। आइए, आज के दिन हम इस नरसंहार के हथियारों को समाप्त करने तथा विश्वभर में शान्ति और भाईचारे के संवर्धन हेतु एक साथ मिलकर काम करने का संकल्प लें और एक प्रार्थना भी हम कर सकते हैं।

"ऊँ सर्वेषां स्वस्तिर्भवतु सर्वेषां शान्तिर्भवतु।

सर्वेषां पूर्णं भवतु सर्वेषां मंगलम् भवतु।।

ऊँ शान्तः शान्तः शान्तः"

मतलब (May all attain peace, may all be healthy – may all enjoy good fortune, may none suffer misery and sorrow, OM!! Peace Peace Peace)

अब यह सभा जापान में परमाणु बम त्रासदी से पीड़ित हुए व्यक्तियों के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी रहेगी।

11.01 hours

(The Members then stood in silence for a short while.)

माननीय अध्यक्ष : ऊँ शान्तः शान्तः।

माननीय अध्यक्ष : क्वेश्चन नम्बर 281

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी (महबूबनगर): महोदया, मुझे दो मिनट का समय दीजिए।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I will allow you after the Question Hour.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : मैं कह रही हूँ कि क्वेश्चन ऑवर के बाद आपको बोलने का मौका दूँगी।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI A.P. JITHENDER REDDY: Madam Speaker, I would like to raise an important issue… (*Interruptions*) There are huge losses owing to GST implementation… (*Interruptions*) We want to raise it for the sake of our State. I will finish within two minutes… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I will allow you after the Question Hour.

… (*Interruptions*)

श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी : महोदया, यह एक महत्वपूर्ण इश्यू है। मंत्री जी भी यहाँ बैठे हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप ऐसा मत कीजिए, मैं आपको क्वेश्चन ऑवर के बाद बोलने का मौका दूँगी।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष :अभी कुछ सुनाई नहीं दे रहा है। मैं आपको आश्वासन दे रही हूँ। मैं क्वेश्चन ऑवर के तुरन्त बाद आपको बोलने का मौका दूँगी।

…(<u>व्यवधान</u>)

<u>11.04 hours</u>